भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1628

जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2026 को दिया जाना है

ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला आवंटन

1628. श्री मुरसोली एस.:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु को विद्युत आपूर्ति करने वाले ताप विद्युत संयंत्रों को आबंटित कोयले की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान ऐसे संयंत्रों को भेजे गए कोयले की औसत परिवहन लागत का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का पर्यावरणीय प्रभावों के कारण विद्युत उत्पादन के लिए कोयले पर निर्भरता को कम करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान राज्य मंत्री

(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) और (ख) : पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में ताप विद्युत संयंत्रों को आपूर्ति की गई कोयले की मात्रा (मि.ट. में) और मूल्य (करोड़ रुपए में) का ब्यौरा निम्नानुसार है:

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा कोयले की आपूर्ति

(अनंतिम)

क्र. सं.	विद्युत संयंत्र का नाम	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2022-23		वित्तीय वर्ष 2023-24		वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2025-26	
		बिल मात्रा/	बिल मूल्य/	बिल मात्रा/	बिल मूल्य/	बिल मात्रा/	बिल मूल्य/	बिल मात्रा/	बिल मूल्य/	बिल मात्रा/	बिल मूल्य/

		कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	मूल्य (₹ करोड़)	कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	मूल्य (₹ करोड़)	कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	मूल्य (₹ करोड़)	कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	मूल्य (₹ करोड़) में	कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	मूल्य (₹ करोड़) में
1	टैंजेडको	14.936	2524.63	17.923	3075.05	19.072	3297.93	18.927	3304.45	15.956	2566.69
2	एनएलसी तमिलनाडु (एनटीपीएल)	1.448	361.91	2.017	354.50	1.954	342.02	0.038	5.74	0.00	0.00
3	एनटीईसीएल, वल्लूर - एनटीपीसी तमिलनाडु एनर्जी लिमिटेड	5.963	1220.65	6.533	1204.54	4.337	782.38	6.380	1382.28	6.154	1231.24
4	मोक्सी पावर जनरेशन लिमिटेड	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.066	11.92	0.964	161.96
5	ओपीजी पावर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड	0.248	61.58	0.112	23.03	0.188	35.92	0.116	23.53	0.585	102.66

6	कोस्टल एनर्जेन प्राइवेट लिमिटेड	0.004	1.12	0.075	23.98	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7.	एसईपीसी पावर प्राइवेट लिमिटेड	0.00	0.00	0.028	11.36	0.00	0.00	0.00	0.00	0.072	36.87
8.	उड़ीसा अलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड	-	-	-	-	-	-	0.00	0.00	0.10	15.25

सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) द्वारा कोयले की आपूर्ति

(अनंतिम)

क्र. सं.	विद्युत संयंत्र का नाम	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2022-23		वित्तीय वर्ष 2023-24		वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2025-26	
		बिल मात्रा/ कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	बिल मूल्य/ मूल्य (₹ करोड़)	बिल मात्रा/ कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	बिल मूल्य/ मूल्य (₹ करोड़)	बिल मात्रा/ कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	बिल मूल्य/ मूल्य (₹ करोड़)	बिल मात्रा/ कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	बिल मूल्य/ मूल्य (₹ करोड़) में	बिल मात्रा/ कोयले की आपूर्ति (मि.ट. में)	बिल मूल्य/ मूल्य (₹ करोड़) में
1	मेट्टूर टीपीएस I और II	2.57	766.24	1.40	568.37	1.84	954.06	1.83	1122.9	0.004	2.48

2	एनटीईसीएल	0.56	162.22	0.34	140.23	0.75	387.08	0.34	248.81	0.00	4.71
3	एनसीटीपीएस	-	-	-	-	-	-	0.54	354.50	0.65	460.19
4	उड़नगुडी टीपीएस	-	-	-	-	-	-	-	-	0.14	95.33

(ग) और (घ) : सरकार का ध्यान देश में गैर-जीवाश्म स्रोतों से क्षमता संवर्धन पर है जो अब देश में कुल संस्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता के 54% से अधिक है। भारत ने पहले ही गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी संस्थापित विद्युत शक्ति क्षमता के 50% के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है; वर्ष 2030 की प्रतिबद्ध समयसीमा से पांच वर्ष पहले दिनांक 30.06.2026 तक संस्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 548.85 गीगावॉट है, जिसमें जीवाश्म स्रोतों से 251.48 गीगावॉट (45.82%) और गैर-जीवाश्म स्रोतों से 297.37 गीगावॉट (54.18%) शामिल हैं।

तमिलनाडु राज्य में दिनांक 30.06.2026 तक 29,776.52 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की संचयी क्षमता संस्थापित की गई है जिसमें 14,121.46 मेगावाट सौर ऊर्जा, 2,203.20 मेगावाट बड़ी पनबिजली, 12,273.69 मेगावाट पवन ऊर्जा, 123.05 मेगावाट लघु पनबिजली और 1,055.12 मेगावाट जैव-विद्युत शामिल हैं।

*****